तेलंगाना की AI सिटी परियोजना

स्रोत: BL

तेलंगाना सरकार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के क्षेत्र में अन्वेषण हेतु तेलंगाना को एक **वैश्विक केंद्र** बनाने के उद्देश्य से एक **AI सिटी** बनाने की परियोजना बना रही है।

- AI सिटी **अनुसंधान, विकास और अनुप्रयोग हेतु एक केंद्र के रूप में कार्य करेगी, जिसका उद्देश्य** कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अग्रणी प्रगति को प्रोत्साहित करना है।
    - इसके अतिरिक्त, AI के क्षेत्र में विशेषज्ञता एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये **शहर में** एक AI स्कूल की स्थापना की जाएगी।
- तेलंगाना **AI मिशन, नैसकॉम के** सहयोग से, **AI प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने के लिये** AI फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन में सरकार की सहायता करेगा।
- सरकार निजी कंपनियों के साथ मिलकर **उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी,** जिसका उद्देश्य राज्य के महत्त्वपूर्ण और उभरते क्षेत्रों में AI को प्रोत्साहित करना है।
    - इसका उद्देश्य **तरुणों में प्रतिभा विकास एवं कौशल का संवर्द्धन करना है** , जिससे 2.5 लाख से अधिक विद्यार्थी और पेशेवर लाभान्वित होंगे।
    - सरकार वैश्विक अनुसंधान केंद्र अब्दुल लतीफ जमील पॉवर्टी एक्शन लैब (जे-पीएएल) के साथ साझेदारी करके A**Iरिसर्च लैब स्थापित करेगी**, जो शासन सेवाओं और प्रक्रियाओं में AI की अनुप्रयोज्यता को प्रोत्साहित करेगी।

//

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)

AI मशीनों में मानव बुद्धि का अनुकरण है, जिसे मनुष्यों की तरह सोचने और सीखने के लिये प्रोग्राम किया गया है, जो समस्या-समाधान, तर्क और नई जानकारी के अनुकूल होने में सक्षम है।

AI टाइमलाइन - प्रमुख परिवर्तन (Milestones)

- **1950s** का दशक: ट्यूरिंग टेस्ट का प्रस्ताव; पहला AI प्रोग्राम विकसित
- **1956** डार्टमाउथ कॉन्फ्रेंस ने "कृत्रिम बुद्धिमत्ता" को मान्यता दी
- **1960s** का दशक: एलिज़ा चैटबॉट का निर्माण; प्रारंभिक न्यूरल नेटवर्क
- **1996** डीप ब्लू - एक शतरंज खेलने वाला प्रोग्राम (Chess-Playing Program)
- **2012** डीप लर्निंग ब्रेक थ्रू इन इमेज रिकॉग्निशन
- **2014** जनरेटिव एडवर्सरियल नेटवर्क (GAN) का प्रस्ताव
- **2020** GPT-3 द्वारा उन्नत भाषा निर्माण का प्रदर्शन
- **2022** चैटजीपीटी लॉन्च हुआ, जो संवादात्मक AI को आम लोगों तक पहुँचाएगा
- **2023** जनरेटिव AI बूम; प्रमुख टेक कंपनियों ने AI मॉडल जारी किये

प्रमुख AI प्रौद्योगिकियाँ

Drishti IAS

AI के अनुप्रयोग

- **स्वास्थ्य सेवा:** व्यक्तिगत चिकित्सा
- **वित्त:** एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग
- **परिवहन:** ऑटोनोमस व्हीकल
- **विपणन और ग्राहक सेवा:** टार्गेटेड एडवरटाइज़िंग चैटबॉट
- **शिक्षा:** अडेप्टिव लर्निंग सिस्टम
- **कृषि:** फसल निगरानी
- **साइबर सुरक्षा:** खतरे का पता लगाना
- **ऊर्जा:** स्मार्ट ग्रिड प्रबंधन, खपत पूर्वानुमान

चिंताएँ

- डीपफेक और गलत सूचना
- एल्गोरिदमिक बायस
- ऑटोमेशन और जॉब डिस्प्लेसमेंट
- गोपनीयता के मुद्दे
- डेटा ऑनरशिप और लायबिलिटी इश्यु
- एथिकल डिसीजन-मेकिंग कॉम्प्लेक्स

AI विनियमन

- **AI पर वैश्विक भागीदारी (GPAI) 2020 में प्रारंभ हुई**
- **ब्लेचली घोषणा (2023):** AI पर वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना
- **G20 नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (2023):**
- **AI** पर G7 हिरोशिमा (2023) प्रोसेस

भारत और AI

- **AI 201 के लिये राष्ट्रीय रणनीति**
- **AI फॉर ऑल:** स्व-शिक्षण ऑनलाइन कार्यक्रम
- भारत द्वारा आयोजित **GPAI शिखर सम्मेलन 2023**
- **इंडिया AI मिशन 2024**
- **US इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (USIAI) पहल:** महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में AI सहयोग
- **AIRAWAT** (AI रिसर्च एनालिटिक्स और नॉलेज सेपरिफ्यूज़न प्लेटफॉर्म) सुपरकंप्यूटर

और पढ़ें: [इंडिया AI मिशन](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/telangana-unveils-ai-city-project